9 रिमझिम (हिन्दी)
बुलबुल

Grade - 2

Classnotes

प्रश्नों को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए |

1. जब पक्षी के सिर पर काले रंग की कलगी होती है उसे किस नाम से पुकारा जाता है ?

- ***a.* सिपाही बुलबुल**
- *b.* सैनिक बुलबुल
- *c.* राजा बुलबुल
- *d.* रानी बुलबुल

2. अमरूद के बगीचे या मटर के खेत पर बुलबुल क्या करती है ?

- *a.* उड़ती
- *b.* नहाती
- ***c.* हमला**
- *d.* नाचती

3. 'हल्का' शब्द का विलोम चुनिए :

- *a.* भारो
- *b.* भारि
- *c.* भरो
- ***d.* भारी**

4. बुलबुल का शरीर किस रंग का होता है ?

- *a.* काला
- *b.* लाल
- *c.* सफ़ेद
- ***d.* भूरा**

उपयुक्त शब्द का प्रयोग कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए |

1. **बुलबुल के सिर का रंग __काला__ होता है |**
2. **बुलबुल एक बार में दो या तीन __अंडे__ देती है |**
3. **बुलबुल की पूँछ के सिरे का रंग __सफ़ेद__ होता है |**
4. **बुलबुल के अण्डों पर कुछ लाल , कुछ भूरी और कुछ बैंगनी __बिंदियाँ__ दिखाई देंगी |**

सही वाक्य के आगे सही (✓) और गलत वाक्य के आगे गलत (✖) का चिह्न लगाइए |

1. **बुलबुल के अंडे हल्के गुलाबी रंग के होते हैं |** ✓
2. **बुलबुल को अमरूद और मटर खाना बहुत पसंद है |** ✓
3. **बुलबुल अपना घोंसला सुई - धागे से बुनती है |** ✖
4. **बुलबुल का सिर काले रंग का होता है |** ✓

सही शब्द का प्रयोग कर वाक्य पूर्ण कीजिये |

1. **बुलबुल की ________ के सिरे का रंग सफ़ेद होता है |**

9 - बुलबुल

पूँछ

2. **बुलबुल _______आवाज़ में बोलती है |**

   ऊँची

3. **बुलबुल पेड़ पर ____ ढूँढ कर खाती है |**

   कीड़े

4. **उसका बाकी शरीर ______होता है |**

   भूरा

‘अ’ और ‘ब’ के अर्थपूर्ण शब्दों को आपस में मिलाइए |

A	B
1. बुलबुल का घोंसला अंदर से एक	*a.* सुंदर कटोरी जैसा दिखता है |
2. बुलबुल की पूँछ के सिरे का रंग	*b.* डर नहीं लगता |
3. बुलबुल के सिर का रंग	*c.* काला होता है |
4. बुलबुल को हम लोगों से कोई	*d.* सफ़ेद होता है |

Answers

1 - *a* 2 - *d* 3 - *c* 4 - *b*

वाक्य को पढ़कर एक शब्द में उत्तर लिखिए |

1. **बुलबुल कितनी बार में दो या तीन अंडे देती है ?** एक बार में
2. **बुलबुल कैसी आवाज़ में बोलती है ?** ऊँची आवाज़ में |
3. **बुलबुल की पूँछ के सिरे का रंग कैसा होता है ?** सफ़ेद
4. **बुलबुल पीपल या बरगद के पेड़ पर क्या ढूँढकर खाती है ?** कीड़े
5. **किस के खेत पर बुलबुल काफ़ी जोर से हमला करती है ?** मटर के

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कम से कम शब्दों में लिखिए |

1. **बुलबुल कितनी बार में दो या तीन अंडे देती है ?**

   बुलबुल एक बार में दो या तीन अंडे देती है |

2. **बुलबुल क्या खाती है ?**

9 - बुलबुल

बुलबुल कीड़े खाती है |

3. **बुलबुल कैसी आवाज़ में बोलती है ?**

   बुलबुल ऊँची आवाज़ में बोलती है |

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में लिखिए |

1. **बुलबुल अपना घोंसला कैसे बनाती है ?**

   बुलबुल अपना घोंसला सूखी घास और छोटे पौधों की पतली जड़ों से बुनती है |

2. **सिपाही बुलबुल किसे कहते हैं ?**

   जिसके सिर पर काले रंग की कलगी हो उसे सिपाही बुलबुल कहते हैं |

3. **कलगी वाली बुलबुल को 'सिपाही' बुलबुल क्यों कहते होंगे ?**

   कलगी वाली बुलबुल इसलिए कहते हैं क्योंकि सिपाहियों की तरह उसके सिर पर भी कलगी (टोपी) लगी होती है |

4. **आपने बुलबुल को कैसे पहचाना ?**

   मैंने बुलबुल को इसलिए पहचाना क्योंकि उसकी पूँछ के नीचे वाली जगह लाल होती है |

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए |

1. **(क) सिपाही बुलबुल के सिर पर काले रंग की कलगी होती है। ऐसे कुछ और पक्षियों के नाम सोचिए जिनके सिर पर कलगी होती है। बताइए उनकी कलगी का रंग क्या होता है ?**

पक्षी	**कलगी का रंग**
....	....
....	....

(ख) कलगी वाली बुलबुल को सिपाही बुलबुल क्यों कहते होंगे ?

(ग) पाठ में बुलबुल के बारे में बहुत-सी बातें बताई गई हैं। उनमें से कोई तीन बातें लिखिए ।

(क) पक्षी	कलगी का रंग
मोर	गहरा नीला
हुदहुद	गहरी पीली और काली धारियाँ
मुर्गा	लाल

(ख) सिपाही बुलबुल की गर्दन तथा कान के नीचे लाल रंग के निशान पाए जाते हैं। इसे कवि कुर्बानी तथा बलिदान के प्रतीक स्वरूप लेते हैं इसलिए इन्हें सिपाही बुलबुल कहा जाता है।

(ग) इसमें निम्नलिखित तीन बातें होती हैं-

1. इसकी पूँछ का आखिरी भाग सफ़ेद रंग का होता है।
2. इसके पूँछ का भीतरी भाग लाल रंग का होता है।
3. इसका शरीर भूरा और सिर का रंग काला होता है।

9 - बुलबुल

2. **(क) बुलबुल अपना घर घास और जड़ों से बनाती है। आपका घर किन चीज़ों से बना है ? पता कीजिए।**

(ख) बुलबुल क्या खाना पसंद करती है ? आपको क्या-क्या पसंद है ?

(ग) बुलबुल ऊँची आवाज़ में बोलती है।

आप से कौन-कौन ऊँची आवाज़ में बोलता है ? कब-कब ?

नाम कब-कब

(क) हमारा घर ईंट, बजरी, रोड़ी, सीमेंट, लोहे की मोटी-पतली सलाखों से बनता है।

(ख) बुलबुल खाने में कीड़े, फल आदि खाना पसंद करती है। मुझे गाजर, मटर, गाजर का हलुवा, गोभी के परांठे, पिज़्ज़ा आदि खाना पसंद है।

(ग) नाम कब-कब

तरूण - जब उसकी कोई बात नहीं सुनता, वह तब ऊँची आवाज़ में बोलता है।

माला - जब उसे कुछ माँगना होता है, तब वह ऊँची आवाज़ में बोलती है।

श्वेतिका - जब वह गाना गाती है, तो ऊँची आवाज़ में गाती है।

गोपाल - जब उसे गुस्सा आता है, तब वह ऊँची आवाज़ में बोलता है।

जावेद - जब उसे कुछ समझ नहीं आता है, तब वह ऊँची आवाज़ में बोलता है।

3. **• मैं काली हूँ। मीठा गाना गाती हूँ। ....**

• मैं हरा हूँ। लाला मेरी चोंच है। हरी मिर्च खाता हूँ। ....

• सूप जैसे कान हैं। मोटे-मोटे पाँव हैं, लंबे-लंबे दाँत हैं। ....

• सिर पर ताज है। दुम पर पैसा है। बादल देखकर नाचता हूँ। ....

• घरों में आता हूँ। सारी चीज़ें कुतर जाता हूँ। ....

• मैं काली हूँ। मीठा गाना गाती हूँ।	कोयल
• मैं हरा हूँ। लाला मेरी चोंच है। हरी मिर्च खाता हूँ।	तोता
• सूप जैसे कान हैं। मोटे-मोटे पाँव हैं, लंबे-लंबे दाँत हैं।	हाथी
• सिर पर ताज है। दुम पर पैसा है। बादल देखकर नाचता हूँ।	मोर
• घरों में आता हूँ। सारी चीज़ें कुतर जाता हूँ।	चूहा

4. **बुलबुल, तोता, चिड़िया, कबूतर पक्षी कहलाते हैं। नीचे लिखी चीज़ों को क्या कहते हैं ? लिखिए |**

	नाम
गोभी , आलू , भिंडी	....
संतरा , केला , सेब	....
गाय , हाथी, कुत्ता	....
मूँग , चना , अरहर	....

गोभी, आलू, भिंडी	सब्ज़ी
संतरा, केला, सेब	फल
गाय, हाथी, कुत्ता	जानवर
मूँग, चना, अरहर	दालें